Given these concerns, understanding the ecological status of *Didymocarpus pygmaeus* within Gandhi Sagar Wildlife Sanctuary has become a priority. The present study investigates plant diversity patterns in the sanctuary with special emphasis on the habitat characteristics, distribution and conservation status of *D. pygmaeus* by integrating field surveys with ecological assessment, the research aims to identify key environmental drivers influencing the species and provide scientific recommendations for long-term conservation (Rao and Mehta, 2023).

Study Area

The study was carried out in Gandhi Sagar Wildlife Sanctuary, located along the Madhya Pradesh, Rajasthan border (Fig 1). The sanctuary includes dry deciduous forests, rocky terrain, moist shaded crevices and riverine microhabitats that collectively support a wide range of plant species (Sharma and Verma, 2019). This diverse topography creates the ecological niches required for the growth and persistence of *Didymocarpus pygmaeus*.

Fig. 1 (Source: IE) **The Chambal River with Gandhi Sagar Dam**

Gandhi Sagar Wildlife Sanctuary

Seasonal Stream / River

Field Survey Approach

A long-term field survey was conducted over a period of three consecutive years (2022–2024) covering all major seasons to record the presence, population trend and habitat conditions of *Didymocarpus pygmaeus*. Surveys were performed during the plant's active growth and flowering phases, when identification and observation are most reliable (Singh et al., 2020).

The survey followed a walk-through and habitat-search method, which is recommended for species that occur in scattered, isolated or microhabitat-restricted patches (Khan and Rao,

2017). All potential habitats such as shaded rocky slopes, moist cracks, riparian edges and forest understorey zones were systematically explored.

During each field visit, observations were recorded to document the presence, approximate population size and overall condition of *Didymocarpus pygmaeus*. At every site where the species was found, the number of visible individuals was estimated and their growth stages were noted, including seedlings, juvenile plants and mature flowering individuals. The phenological condition of the species, such as vegetative growth, flowering or fruiting, was also documented to understand seasonal variation. Associated vegetation was carefully observed to identify co-occurring plants and to understand the ecological community that supports this species. The microhabitat condition was assessed through direct field observation, focusing on moisture level in rock crevices, shade availability, substrate stability and the general health of the surrounding habitat. Repeated surveys over three years helped in comparing changes in site conditions, population behaviour and habitat stability. These long-term field notes formed the basis for evaluating trends in regeneration, presence of disturbances and overall ecological response of *D. pygmaeus* across the sanctuary.

Results and Discussion

The three-year field survey showed that *Didymocarpus pygmaeus* is restricted to very specific microhabitats within Gandhi Sagar Wildlife Sanctuary, mainly moist rock crevices (Fig 2, 3, 4 and 5), shaded slopes and semi-protected moisture pockets. The presence of the species remained limited to a few core sites, and the overall population showed noticeable fluctuation across the study period. In the first year, populations at most locations appeared stable with a mix of seedlings, juveniles and mature individuals. During the second year, a reduction in young individuals was observed, which coincided with decreased moisture availability following an irregular monsoon. By the third year, two previously recorded sites no longer supported any visible individuals, indicating a possible local decline or temporary dormancy triggered by habitat drying.

These changes suggest that the species is highly sensitive to microclimatic conditions, particularly moisture retention and shade availability. The reduction in seedlings and juveniles points toward weakened regeneration, a pattern that has been reported for other microhabitat-restricted Gesneriaceae species. The loss of moisture in rock crevices, minor soil erosion on slopes and disturbance from grazing near forest edges likely contributed to habitat degradation. The findings indicate that even slight alterations in moisture and shade

can cause rapid changes in the population status of *D. pygmaeus*, reflecting its narrow ecological niche and limited adaptability. The disappearance of the species from some sites over the study period highlights the need for continuous monitoring and microhabitat-level conservation planning. The overall results underline that the long-term survival of *D. pygmaeus* depends on protecting stable, humid and shaded microhabitats within the sanctuary.

Fig 2 *Didymocarpus pygmaeus*

Fig 3 *Didymocarpus pygmaeus*

Fig 4 *Didymocarpus pygmaeus*

Fig 5 *Didymocarpus pygmaeus*

Conclusion

The study concludes that *Didymocarpus pygmaeus* faces increasing ecological pressure within Gandhi Sagar Wildlife Sanctuary due to ongoing microhabitat alterations and fluctuating moisture conditions. Although small and persistent populations still survive in stable moisture pockets, the reduction in regeneration and the disappearance of individuals from some locations point toward a declining trend. Protecting the species will require targeted conservation measures that focus on maintaining shaded and moist microhabitat conditions, regulating grazing impact near sensitive zones and preventing soil erosion around rocky crevices. Continued monitoring will be essential for tracking population changes and

identifying new threats that may arise in response to climate variability. The findings provide a scientific basis for future conservation planning and highlight the importance of safeguarding specialised microhabitats to ensure the long-term survival of vulnerable herbaceous species in dry deciduous landscapes.

References

1. Chakraborty, R., and Devi, L. (2021). Microhabitat requirements and conservation concerns of selected Gesneriaceae species in India. *Journal of Plant Ecology*.
2. Gupta, P., Sahu, N., and Tiwari, R. (2020). Anthropogenic impacts on vegetation structure in central Indian forest landscapes. *Indian Journal of Forestry*.
3. Khan, A., and Rao, D. (2017). Ecology, distribution and habitat preferences of *Didymocarpus* species in the Indian region. *Asian Botanical Review*.
4. MoEFCC. (2018). National Biodiversity Assessment Report. Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India.
5. Rao, K., and Mehta, P. (2023). Conservation needs of microhabitat-dependent herbaceous species in dry deciduous ecosystems. *Plant Conservation Studies*.
6. Sharma, A., and Verma, S. (2019). Floristic composition and habitat characteristics of Gandhi Sagar region, central India. *Indian Journal of Environmental Sciences*.
7. Singh, R., Patel, V., and Sharma, K. (2020). Patterns of floristic diversity in protected areas of central India. *Ecology and Environment Research*.
8. Verma, L., and Singh, J. (2022). Influence of microclimatic variation on regeneration of herbaceous plants in semi-arid forests. *Journal of Applied Ecology*.

फसलों और खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

*डॉ. के. सी. मिश्रा

*विभागाध्यक्ष, भौतिकशास्त्र, शासकीयकला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, नागदा (म.प्र.);

Email: 1256krishna@gmail.com

**प्रो. राजेन्द्रकुमारजैन

**चेयरमैन, वाणिज्यअध्ययनमंडल, देवीअहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर;

विभागाध्यक्ष, वाणिज्य, श्रीराजेन्द्रसुरी शासकीय महाविद्यालय, सरदारपुर, राजगढ़ (म.प्र.)

सार (Abstract)

जलवायु परिवर्तन वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है, जो कृषि उत्पादन, फसल पैटर्न, मृदा स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। तापमान में वृद्धि, वर्षा की अनिश्चितता, हीटवेव, सूखा, बाढ़ तथा चक्रवात जैसी चरम घटनाएँ फसल उत्पादकता को कम कर रही हैं। यह शोध-पत्र जलवायु परिवर्तन के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण करता है तथा जलवायु-लचीली कृषि, तकनीकी हस्तक्षेपों और नीतिगत उपायों पर आधारित समाधान प्रस्तुत करता है।

मुख्यशब्द: जलवायुपरिवर्तन, कृषि, खाद्य सुरक्षा, फसल उत्पादकता, अनुकूलन रणनीतियाँ

1. परिचय

कृषि मानव सभ्यता की आधारशिला है और विकासशील देशों में आज भी अर्थव्यवस्था, रोजगार तथा पोषण सुरक्षा का मुख्य स्रोत है। किंतु जलवायु परिवर्तन ने कृषि उत्पादन को अत्यधिक अस्थिर कर दिया है। औद्योगिक क्रांति से पूर्व की तुलना में वैश्विक तापमान लगभग 1.1°C बढ़ चुका है, जिससे वर्षा चक्र, हवा की आर्द्रता, मृदा नमी, फसल अवधि और कीट-रोग चक्र में तीव्र परिवर्तन आए हैं।

2. साहित्य समीक्षा

IPCC (2023) के अनुसार, 1960 के बाद से चरम जलवायु घटनाओं के कारण वैश्विक कृषि उत्पादकता में 20% तक की कमी आई है। FAO (2021) ने बताया कि तापमान वृद्धि और अनियमित वर्षा के कारण चावल, गेहूँ और मक्का जैसी मुख्य फसलों की पैदावार में गिरावट दर्ज की गई है। ICAR (2020) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2050 तक भारत में गेहूँ की पैदावार में 9–25%, चावल में 6–8% और दालों में 10–20% तक कमी आ सकती है।

3. शोध उद्देश्य

1. जलवायु परिवर्तन का फसल उत्पादकता पर प्रभाव समझना।

2. खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का विश्लेषण करना।

3. किसानों की सामाजिक-आर्थिक संवेदनशीलताओं की पहचान करना।

4. अनुकूलन एवं शमन रणनीतियों का अध्ययन करना।

4. शोध-पद्धति

अध्ययन गुणात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध-पद्धति पर आधारित है। डेटा IPCC, FAO, ICAR, सरकारी रिपोट व शोध पत्रिकाओं से संकलित किया गया है।

5. जलवायु परिवर्तन: वैज्ञानिक आधार

जलवायु परिवर्तन का मुख्यकारणग्रीनहाउसगैसों: CO_2, CH_4, N_2Oकाबढ़तास्तरहै, जिसने पृथ्वी के ताप एवं वर्षा चक्र को असंतुलित कर दिया है।

6. फसल उत्पादकता पर प्रभाव

• तापमान वृद्धि से फसलों में गर्मी तनाव बढ़ता है।

• वर्षा की अनिश्चितता से सूखा और बाढ़ दोनों की स्थितियाँ बनती हैं।

• मृदा स्वास्थ्य में गिरावट से उत्पादन प्रभावित होता है।

• कीट-रोग के प्रकोप में वृद्धि होती है।

7. खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव

• उपलब्धता: उत्पादन में कमी।

• सुलभता: कीमतों में वृद्धि।

• उपयोगिता: खाद्य गुणवत्ता में कमी।

• स्थिरता: आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित।

8. किसानों पर सामाजिक-आर्थिक प्रभाव

• आय में कमी, लागत में वृद्धि।

• ऋण बढ़ना और आर्थिक असुरक्षा।

• ग्रामीण पलायन में वृद्धि।

9. अनुकूलन एवं शमन रणनीतियाँ

• जलवायु-लचीली खेती।

• ड्रिप सिंचाई, मौसम आधारित खेती।

• नीतिगत समर्थन जैसे PM-FBY, PM-KUSUM।

10. परिणाम एवं चर्चा

अध्ययन से स्पष्ट होता है कि प्रमुख फसलों की उत्पादकता में कमी, खाद्य कीमतों में वृद्धि और किसानों की संवेदनशीलता बढ़ रही है। तकनीक आधारित कृषि से इन प्रभावों को कम किया जा सकता है।

11. निष्कर्ष

जलवायु परिवर्तन कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है। यदि समय रहते जलवायु-लचीली तकनीकें और नीतिगत उपाय लागू किए जाएँ, तो इसके नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सकता है।

संदर्भ (APA Style)

FAO. (2021). The State of Food Security and Nutrition in the World.

ICAR. (2020). Climate Change and Indian Agriculture.

IPCC. (2023). Climate Change 2023: Synthesis Report.

Lobell, D. B., et al. (2011). Climate trends and global crop production. Science.

Shah, M., & Mishra, A. (2019). Climate change and food insecurity.

योगिक दृष्टिकोण से जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संरक्षण का अध्ययन

शोधार्थी मिलिन्द्र त्रिपाठी

Mr.milindra@gmail.com

सारांश -

वर्तमान वैश्विक समस्याओं में जलवायु परिवर्तन मानव जाति के सामने सबसे गंभीर समस्या है। औद्योगिकीकरण, उपभोक्तावाद, और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध और लगातार दोहन ने इस संतुलन को बहुत हद तक प्रभावित किया है। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य यह विश्लेषण करना है कि योगिक दृष्टिकोण, सिद्धांत और नियम जैसे 'अहिंसा', 'संतोष', 'अपरिग्रह' - पर आधारित सिद्धांत, किस प्रकार जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देता है। अध्ययन में नियमित योगाभ्यास साधकों से सर्वे कर उनके दैनिक जीवन मे प्रकृति के प्रति उनके दृष्टिकोण का विश्लेषण किया गया है । विश्लेषण में देखा गया है कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति में आत्मसंयम, करुणा और सादगी की भावना को प्रबल करता है । जो स्थिर विकास और प्रकृति-मानव सामंजस्य के लिए अनिवार्य है।

कुंजी शब्द: योग, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, योगिक जीवनदर्शन

प्रस्तावना - वर्तमान समय में मानव ने प्रकृति के संतुलन को बहुत अधिक बाधित किया है । आज तापमान में असामान्य वृद्धि, असामान्य वर्षा के पीछे के कारणों में लगातार वनों की कटाई , बढ़ता प्रदूषण प्रमुख है । इसे सुधारने के लिए किए जा रहे वैज्ञानिक उपायों के साथ साथ आध्यात्मिकता की ओर भी अग्रसर होना आवश्यक है ।योग भारतीय ज्ञान परंपरा की वह मुख्य साधना है जो व्यक्ति को प्रकृति के साथ जोड़ती है । पतंजल योगसूत्र में योग की परिभाषा में कहा गया है - "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" - आज के समय मे देखा जाए तो व्यक्ति जितना आध्यात्मिक होगा उतना प्रकृति के निकट होगा उतना ही चित्त की वृत्तियों का निरोध होगा । जितना आधुनिकता की ओर मानव अग्रसर होगा उतना ही वो प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करेगा । मूलतः योगिक दृष्टिकोण केवल व्यक्तिगत कल्याण का साधन मात्र नहीं है, बल्कि यदि इसे आत्मसात किया जाए तो वैश्विक पुनर्संतुलन का आधार भी बन सकता है।

शोध विधि - यह शोध गुणात्मक (गुणात्मक अनुसंधान) पद्धति पर आधारित है।

अध्ययन क्षेत्र - उज्जैन जिले के योगाभ्यास केंद्र रहे, जहां योग साधकों से साक्षात्कार विधि के माध्यम से जानकारी एकत्रित की गयी ।

साधन: प्रश्नावली, प्रत्यक्ष साक्षात्कार

प्रतिदर्श (नमूना): (50) नियमित योग साधकों (कम से कम एक वर्ष से अभ्यास करने वाले) का उद्देश्यपूर्ण परीक्षण (उद्देश्यपूर्ण नमूनाकरण) किया गया।

सहभागी प्रेक्षण (प्रतिभागी अवलोकन): योग कक्षाओं के दौरान और उसके बाद उनके सामाजिक व्यवहार का अवलोकन किया गया ।

डेटा विश्लेषण: प्राप्त गुणात्मक डेटा का विषयगत विश्लेषण किया गया

शोध का उद्देश्य-

1.योग के सैद्धांतिक सिद्धांत (विशेषकर यम-नियम) के सिद्धांत के संदर्भ में निष्कर्ष निकालना।

2. नियमित योगाभ्यास से उत्पन्न होने वाली व्यवहारिक परिवर्तनों का विश्लेषण करना।

3.जैव विविधता संरक्षण में यौगिक सिद्धांतो के प्रभाव का विश्लेषण करना ।

4.जलवायु परिवर्तन में यौगिक सिद्धांतो के प्रभाव का विश्लेषण करना ।

चर्चा एवं निष्कर्ष की झलकियाँ –

1.अवलोकन एवं साक्षात्कार से यह स्पष्ट रूप से पता चला कि नियमित योगाभ्यासियों के जीवन-मूल्यों में एक प्रत्यक्ष परिवर्तन आया है।

2.उपभोक्तावाद में कमी (अपरिग्रह का प्रभाव): नियमित योग करने से आवश्यकताओं एवं इच्छाओं के बीच अंतर को समझ पाए । संग्रह की प्रवृत्ति नियंत्रण प्राप्त हुआ ।

3.अहिंसा एवं करुणा - योग अभ्यासी पशु पक्षी का संरक्षण करता है । वह शाकाहारी जीवन को अपनाता है।

4. योग से आंतरिक शांति - विलासिता की वस्तुओ से उसका मोह दूर हो जाता है उसे असल शांति का अनुभव ध्यान और प्राणायाम से होने लगता है ।

5.योग अभ्यास हमेशा प्रकृति के निकट खुली हवा में किया जाता है । योग और प्रकृति एक दूसरे के पूरक है।

निष्कर्ष - जब व्यक्ति योग के सिद्धांत, सिद्धांत यम और नियम, अपने दैनिक व्यवहार में आत्मसात करता है, तो करुणा, संयम और संतुलन के गुण स्वतः उसके अंदर विकसित होते हैं। ये गुण पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक होने के दृष्टिकोण की स्थापना हैं। यह अध्ययन इस निष्कर्ष को प्रमाणित करता है कि योगिक दर्शन, आधुनिक आध्यात्मिक संकटों के समाधान के लिए एक गहन विकल्प है ।

सुझाव-:

- विश्वविद्यालयों में पर्यावरण अध्ययन (पर्यावरण अध्ययन) के पाठ्यक्रमों में योगिक दर्शन के सिद्धांतों को शामिल किया जाना चाहिए।
- स्थानीय नागरिकों में योग गुरुओं एवं पर्यावरण के बीच संवाद स्थापित कर "योग एवं पर्यावरण जागरूकता" अभियानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

संदर्भ -:

- स्वामी सत्यानन्द सरस्वती. मुक्ति के चार सोपान. मुंगेर: बिहार योग विद्यालय, 1994.
- स्वामी सत्यानन्द सरस्वती. आसन प्राणायाम मुद्रा बंध. मुंगेर: योग प्रकाशन ट्रस्ट, 2006.
- स्वामी विवेकानन्द. राजयोग. कोलकाता: अद्वैत आश्रम, 1896.
- शर्मा, आर. ए. शिक्षा अनुसंधान. मेरठ: सूर्या पब्लिकेशन्स, 2004.
- शर्मा, आर. एन. योग मनोविज्ञान. वाराणसी: चौखम्बा प्रकाशन, 2015.
- .देसाई, वी. एस. योग और व्यक्तित्व विकास. पुणे: कैवल्यधाम प्रकाशन, 2008.
- खान, प्रो० एस.एच. और श्रीमती शुक्ला भट्टाचार्य, अध्यापकीय दर्शिका परिवेशीय अध्ययन.
- राष्ट्रीय शैक्षिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली (भारत), 1987 पृष्ट 44
- खुराना, ऊषा. पर्यावरण शिक्षा, नई दिल्ली (भारत): तक्षशिला प्रकाशन, 1994 पृष्ट 55

- गर्ग रूप किशीर और प्रकाश तातेड़ पर्यावरण शिक्षा, उदयपुर (भारत): पर्यावरण सामुदायिक केन्द्र, 1944 पृष्ट 36
- चन्दोला, प्रेमानन्द, पर्यावरण और जीव, देहली (भारत): हिमाजल पुस्तक भण्डार, 1984. पृष्ट 199
- नैतिक शिक्षा उपागम, निदेशालय, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा बीकानेर (भारत) 1981 पृष्ट 20
- पाण्डेय डा. कामता प्रसाद, शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान, देहली (भारत): अमिताश प्रकाशन, 1979 (तृतीय संस्करण) पृष्ट 152
- पाण्डेय, जगदीश चन्द्र, अनुवादक समाज और पर्यावरण प्रगति प्रकाशन राजस्थान पीपल्स पब्लिशिंग हाउस (प्रा.) लिमिटेड. जयपुर 1986 पृष्ट 192
- पटवा शुभू. पर्यावरण की संस्कृति बीकानेर (भारत) वाग्देवी प्रकाशन 1989 पृष्ट 124
- पुरोहित श्याम सुन्दर. पर्यावरण शिक्षा (द्वितीय परिवर्द्धित संस्करण) बीकानेर (भारत) अजन्ता बुक्स, 1991 पृष्ट 64
- माथुर, पी.सी. और रामकुमार गुर्जर. सम्पादक. पानी की खोज. जयपुर (भारत): पंचशील प्रकाशन, 1992 पृष्ट 288
- मथुरा, ए.एन. एवं अन्य पर्यावरण शिक्षा, देहली (भारत): कॉमन्स प्रकाशन, 1993 पृष्ठ 180
- हमारा पर्यावरण. पर्यावरण कक्ष, गांधी शान्ति प्रतिष्ठान, विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र. नई दिल्ली (भारत), 1988 पृष्ट 280

फसलों और खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

भवसार बर्डे

अतिथि ग्रंथपाल

डॉ. रघुवीर सिंह शासकीय महाविद्यालय, सीतामऊ, जिला मंदसौर (मध्य प्रदेश)

ई-मेल आईडी: bhawsarbarde75@gmail.com

सारांश :

वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक संकट के रूप में उभरा है, जिसने कृषि उत्पादन, फसलों की गुणवत्ता तथा खाद्य सुरक्षा पर गहरा प्रभाव डाला है। वैश्विक तापमान में निरंतर वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़, हिमपात, तूफ़ान और अन्य चरम मौसमीय घटनाओं ने कृषि पारिस्थितिकी को असंतुलित कर दिया है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह स्थिति और भी चिंताजनक है क्योंकि देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। जलवायु परिवर्तन के कारण उपजाऊ भूमि का ह्रास, सिंचाई संसाधनों की कमी, कीट-पतंगों की बढ़ोतरी और पारंपरिक कृषि चक्र में बाधा उत्पन्न हुई है। इस शोध-पत्र में जलवायु परिवर्तन के कारण फसलों की उत्पादकता, खाद्य सुरक्षा, कृषि अर्थव्यवस्था और किसान वर्ग पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

परिचय :

जलवायु परिवर्तन का अर्थ है पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में दीर्घकालिक परिवर्तन, जिसमें तापमान, वर्षा, हवा के पैटर्न और मौसम की चरम घटनाओं में बदलाव शामिल है। मानव गतिविधियों, विशेषकर औद्योगिकीकरण, वनों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग और शहरीकरण ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसे ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता बढ़ा दी है। इसके परिणामस्वरूप पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसे "वैश्विक ऊष्मीकरण" कहा जाता है।

भारत में कृषि उत्पादन पूरी तरह से जलवायु पर निर्भर है। मानसून में थोड़ी-सी भी असमानता किसानों के लिए भारी संकट उत्पन्न कर सकती है। तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी घटती है, जिससे फसलें समय से पहले सूख जाती हैं। वहीं, अधिक वर्षा या बाढ़ जैसी घटनाएँ फसलों को नुकसान पहुँचाती हैं। इस प्रकार जलवायु परिवर्तन न केवल उत्पादन घटा रहा है बल्कि खाद्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहा है।

1. जलवायु परिवर्तन के कारण :

जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारणों में प्राकृतिक तथा मानव-जनित दोनों कारक शामिल हैं —

1. **ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन:** कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के अत्यधिक उपयोग से वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन की मात्रा बढ़ रही है।
2. **वनों की कटाई:** पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, परंतु वनों की कटाई के कारण यह प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है।
3. **औद्योगिकीकरण और शहरीकरण:** उद्योगों से निकलने वाली गैसें और धूलकण वायुमंडलीय तापमान को बढ़ा रहे हैं।
4. **कृषि संबंधी प्रथाएँ:** अत्यधिक रासायनिक खादों और कीटनाशकों का प्रयोग, धान की खेती में उत्पन्न मीथेन गैस आदि भी कारण बन रहे हैं।

2. कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव:

भारत में लगभग 55 प्रतिशत कृषि क्षेत्र सिंचाई पर निर्भर न होकर वर्षा आधारित है। जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली वर्षा की अनिश्चितता ने इन क्षेत्रों में संकट खड़ा कर दिया है।

- **फसल उत्पादकता में कमी:** तापमान में 1°C वृद्धि से गेहूँ, धान, मक्का जैसी प्रमुख फसलों की उत्पादकता में 5–10% तक कमी दर्ज की गई है।
- **मिट्टी की गुणवत्ता का ह्रास:** अत्यधिक तापमान और सूखा मिट्टी की उर्वरता घटाते हैं।

- **कीट और रोगों की वृद्धि:** गर्मी और नमी के असामान्य स्तर के कारण कीट-पतंगों की संख्या बढ़ रही है, जो फसलों को नुकसान पहुँचाती है।
- **पारंपरिक खेती पर संकट:** बदलते मौसम चक्र के कारण किसानों को फसलों की बुआई और कटाई के समय में बदलाव करना पड़ रहा है।

3. प्रमुख फसलों पर प्रभाव:

1. **गेहूँ:** भारत में गेहूँ उत्पादन को तापमान वृद्धि ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। मार्च-अप्रैल में तापमान बढ़ने से बालियाँ ठीक से नहीं बनतीं, जिससे उपज कम होती है।
2. **धान:** असमय वर्षा और बाढ़ से धान की फसल को भारी क्षति होती है।
3. **मक्का और ज्वार:** सूखा और उच्च तापमान इनके दानों के विकास को बाधित करते हैं।
4. **फल और सब्जियाँ:** अत्यधिक गर्मी और ठंड इनके स्वाद और पोषण मूल्य को कम कर रही है।

4. खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव (Impact on Food Security):

खाद्य सुरक्षा का तात्पर्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त, सुरक्षित और पोषक आहार उपलब्ध हो सके। जलवायु परिवर्तन ने इस अवधारणा को गंभीर चुनौती दी है।

1. **उत्पादन में अस्थिरता:** लगातार घटती उपज के कारण देश में अनाज की आपूर्ति अनिश्चित हो रही है।
2. **खाद्य मूल्य वृद्धि:** उत्पादन घटने से बाजार में दाम बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब वर्ग प्रभावित हो रहा है।
3. **पोषण असंतुलन:** फसलों की गुणवत्ता घटने से भोजन में पोषक तत्वों की कमी हो रही है।
4. **भंडारण और वितरण में कठिनाई:** अत्यधिक तापमान और बाढ़ से अनाज भंडारण की समस्या बढ़ी है।

5. किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव:

कृषि पर प्रतिकूल जलवायु प्रभावों ने किसानों की आर्थिक स्थिति को अस्थिर बना दिया है।

- सिंचाई के लिए भूजल स्तर गिरने से लागत बढ़ी है।
- फसल बीमा योजनाओं के बावजूद किसानों को पूर्ण मुआवज़ा नहीं मिल पाता।
- ग्रामीण पलायन में वृद्धि हुई है क्योंकि कृषि से आय घट रही है।
- छोटे और सीमांत किसान जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक शिकार बन रहे हैं।

6. जैव विविधता और फसल विविधता पर प्रभाव:

जलवायु परिवर्तन से पारंपरिक बीज प्रजातियाँ विलुप्त हो रही हैं। नई परिस्थितियों में टिकाऊ फसलें जैसे बाजरा, ज्वार, रागी का महत्व फिर से बढ़ रहा है। परंतु बाजार आधारित कृषि नीति अब भी उच्च उपज देने वाली किस्मों पर निर्भर है, जिससे दीर्घकालिक जैव विविधता घट रही है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल तापमान, वर्षा या मौसम के स्वरूप पर ही नहीं बल्कि पृथ्वी की जैव विविधता और फसल विविधता पर भी गहराई से पड़ रहा है। जैव विविधता का तात्पर्य है—पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीव-जंतुओं, पौधों, सूक्ष्मजीवों तथा पारिस्थितिक तंत्रों की विविधता। वहीं फसल विविधता का अर्थ है—विभिन्न प्रकार की फसलों, उनकी स्थानीय किस्मों तथा बीजों की विविधता जो किसी क्षेत्र विशेष की कृषि परंपरा और पर्यावरणीय स्थिति के अनुरूप विकसित होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़, हिमपात और चक्रवात जैसी चरम मौसमीय घटनाएँ बढ़ रही हैं, जिससे जैविक और कृषि विविधता दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

बढ़ते तापमान और मौसम में बदलाव के कारण कई पौधों और जीव-जंतुओं की प्रजातियाँ अपने प्राकृतिक आवास से विस्थापित हो रही हैं। कुछ प्रजातियाँ नई परिस्थितियों में अनुकूलन नहीं कर पातीं और विलुप्त होने लगती हैं। उदाहरण के लिए, परागण करने वाले कीट-पतंगे जैसे मधुमक्खियाँ अत्यधिक गर्मी और रासायनिक प्रदूषण से प्रभावित हो रही हैं, जिससे फसलों में परागण की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस प्रकार जैव विविधता में कमी आने से कृषि उत्पादकता और पारिस्थितिक संतुलन दोनों प्रभावित होते हैं।

फसल विविधता की दृष्टि से भी स्थिति चिंताजनक है। पारंपरिक बीज प्रजातियाँ जो स्थानीय जलवायु और मिट्टी के अनुसार विकसित हुई थीं, अब बदलते मौसम के कारण उपयुक्त नहीं रह गई हैं। किसानों ने उच्च उत्पादकता देने वाली संकर किस्मों पर निर्भरता बढ़ा दी है, जो अल्पकालिक लाभ तो देती हैं, लेकिन दीर्घकालिक रूप से मिट्टी की उर्वरता घटाती हैं और जल की अधिक मांग करती हैं। इस परिवर्तन से स्थानीय बीजों का अस्तित्व संकट में है, जो सदियों से आनुवंशिक विविधता के रूप में कृषि प्रणाली को सुरक्षित रखते आए हैं।

इसके अलावा, फसल विविधता में कमी आने से खाद्य सुरक्षा पर भी प्रभाव पड़ता है क्योंकि जब सीमित फसलें उगाई जाती हैं, तो कीट, रोग या जलवायु आपदा के समय संपूर्ण फसल उत्पादन पर खतरा बढ़ जाता है। अतः टिकाऊ कृषि के लिए आवश्यक है कि पारंपरिक बीजों का संरक्षण, स्थानीय फसलों का पुनरुत्थान और जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। जलवायु परिवर्तन के युग में जैव विविधता और फसल विविधता का संरक्षण न केवल पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानव सभ्यता की खाद्य, आर्थिक और पर्यावरणीय सुरक्षा का आधार भी है।

7. वैज्ञानिक समाधान:

जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं:

1. **जलवायु-समर्थ कृषि:** ऐसी खेती जिसमें जल, मिट्टी और ऊर्जा का संतुलित उपयोग हो।
2. **फसल विविधीकरण:** किसानों को एक ही फसल पर निर्भर न रहकर विभिन्न फसलें उगानी चाहिए।
3. **सिंचाई के आधुनिक साधन:** ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी तकनीकों से जल की बचत की जा सकती है।
4. **जैविक खेती:** रासायनिक खादों की जगह जैविक खादों का प्रयोग पर्यावरण के लिए लाभकारी है।
5. **मौसम पूर्वानुमान तकनीक:** किसानों को समय पर सूचना देने से वे निर्णय बेहतर ढंग से ले सकते हैं।

8. सरकारी नीतियाँ:

जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकटों से निपटने और कृषि, जल तथा पर्यावरणीय संसाधनों की रक्षा के उद्देश्य से भारत सरकार ने पिछले कुछ वष में अनेक नीतियाँ और योजनाएँ आरंभ की हैं। इन पहलों का प्रमुख उद्देश्य किसानों को बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप तैयार करना, कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाना और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

भारत सरकार ने **राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना (National Action Plan on Climate Change – NAPCC)** वर्ष 2008 में लागू की, जिसके तहत आठ प्रमुख "राष्ट्रीय मिशन" आरंभ किए गए। इनमें *राष्ट्रीय सौर मिशन, राष्ट्रीय जल मिशन, सतत कृषि पर राष्ट्रीय मिशन (National Mission for Sustainable Agriculture – NMSA)*, *राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता मिशन* और *राष्ट्रीय ग्रीन इंडिया मिशन* विशेष रूप से कृषि और पर्यावरण से संबंधित हैं। सतत कृषि मिशन के अंतर्गत मिट्टी, जल, और जैविक संसाधनों के संरक्षण पर बल दिया गया है, ताकि फसल उत्पादकता को दीर्घकालिक रूप से सुरक्षित रखा जा सके।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) ने **राष्ट्रीय नवाचार जलवायु अनुकूल कृषि परियोजना (NICRA)** प्रारंभ की है, जिसका उद्देश्य किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल नई कृषि तकनीकें उपलब्ध कराना है। इस परियोजना के माध्यम से सूखा, बाढ़ और तापमान असंतुलन जैसी परिस्थितियों से निपटने हेतु फसल चक्र, सिंचाई तकनीक और जैविक खेती के उपाय सुझाए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त, **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)** किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और असामान्य मौसम से होने वाले फसल नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। इसी प्रकार **मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड योजना** (Soil Health Card Scheme) किसानों को उनकी भूमि की उर्वरता की जानकारी देती है, ताकि वे उचित फसल और खाद का चयन कर सकें।

सरकार ने **राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)** और **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)** जैसी योजनाएँ भी शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य जल प्रबंधन, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देना और जल

उपयोग दक्षता बढ़ाना है। साथ ही, **जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कोष (National Adaptation Fund for Climate Change)** के माध्यम से राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

इन सभी नीतियों और पहलों का लक्ष्य केवल फसल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ कृषि तंत्र का निर्माण करना है, जो जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना कर सके। सरकार की ये पहलें तभी सफल होंगी जब वैज्ञानिक तकनीक, स्थानीय ज्ञान और किसानों की सक्रिय भागीदारी का समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

9. वैश्विक परिप्रेक्ष्य:

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के अनुसार वर्ष 2050 तक यदि तापमान वृद्धि की दर यही रही तो विश्व भर में खाद्य उत्पादन में 15–20% तक की गिरावट संभव है। अफ्रीका और एशिया के विकासशील देशों में यह प्रभाव और गंभीर होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर ही इस संकट को नियंत्रित किया जा सकता है।

10. निष्कर्ष :

जलवायु परिवर्तन आज केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व से जुड़ा वैश्विक संकट है। भारत में कृषि प्रणाली पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बदलते मौसम चक्र, घटती वर्षा और बढ़ते तापमान ने पारंपरिक खेती की धारणा को चुनौती दी है।

खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि हम टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ अपनाएँ, प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें और किसानों को वैज्ञानिक जानकारी से सशक्त बनाएं।

सरकार, वैज्ञानिक संस्थान, उद्योग और समाज सभी को मिलकर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने की दिशा में कार्य करना होगा। तभी भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, पोषक और पर्याप्त भोजन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

संदर्भ सूची:

1. कृषि मंत्रालय, भारत सरकार। (2023). *भारतीय कृषि सांख्यिकी पर वार्षिक प्रतिवेदन 2023*. नई दिल्ली: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)। (2022). *राष्ट्रीय नवाचार जलवायु अनुकूल कृषि (NICRA) वार्षिक रिपोर्ट 2022*. नई दिल्ली: आईसीएआर प्रकाशन।
3. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय। (2021). *भारत की तृतीय द्विवार्षिक अद्यतन रिपोर्ट (BUR-III) संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन हेतु*. नई दिल्ली: भारत सरकार।
4. सिंह, आर. के., एवं शर्मा, पी. एल. (2020). *जलवायु परिवर्तन और भारतीय कृषि पर प्रभाव का विश्लेषण*. नई दिल्ली: अवध प्रकाशन।
5. वर्मा, पी. (2020). *सतत कृषि और जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन की रणनीतियाँ*. भोपाल: मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
6. लाल, आर. (2019). *मिट्टी का स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन*. लखनऊ: विश्वविद्यालय प्रकाशन।
7. यादव, के. सी., एवं त्रिपाठी, एस. पी. (2019). *जलवायु परिवर्तन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव*. वाराणसी: हिंदी विज्ञान परिषद।
8. भारतीय मौसम विभाग। (2018). *भारत में जलवायु प्रवृत्तियाँ और वर्षा के पैटर्न पर अध्ययन रिपोर्ट 2018*. नई दिल्ली: भारत सरकार।
9. चौधरी, बी. एन. (2018). *कृषि में जैव विविधता और खाद्य सुरक्षा*. जयपुर: नीरज पब्लिकेशन।
10. विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)। (2017). *जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा पर वैश्विक रिपोर्ट*. रोम: संयुक्त राष्ट्र।

11. गुप्ता, एस. (2017). *भारतीय कृषि में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियाँ*. नई दिल्ली: अटल पुस्तक भवन।

12. सिंह, एम., एवं जोशी, ए. (2016). *फसल विविधता, खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ कृषि का संबंध*. इलाहाबाद: गंगाप्रकाशन।

13. कुमार, एस. (2016). *जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और खाद्य आपूर्ति प्रणाली*. पटना: लोक विज्ञान प्रकाशन।

14. पांडे, आर. एन. (2015). *भारत में जलवायु संकट और कृषि नीति*. नई दिल्ली: भारतीय नीति अनुसंधान संस्थान।

15. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)। (2015). *एशिया में जलवायु परिवर्तन और कृषि पर प्रभाव का विश्लेषण*. नैरोबी: यूएनईपी प्रकाशन।

Published in Current Science, ISSN:2795-8639

जैव विविधता के संरक्षण में सांस्कृतिक मूल्यों की एवं खगोलीय अध्ययन की वर्तमान भूमिका

डॉ अर्चना पंचोली

प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (PMCoE) नीमच

(मध्य प्रदेश)

गिरीश कुमार शर्मा

सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र)

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहगढ़, जिला -राजगढ़ (मध्य प्रदेश)

शोध सारांश

जैव विविधता प्रकृति प्रदत्त एक अमूल्य उपहार है प्रकृति ने जिन भौतिक और जैविक पदार्थ की रचना की है उनमें जैव विविधता का अपना एक अलग ही स्थान है यह एक अनुपम कृति है जिसमें समस्त जैविक घटक पादप जंतु सूक्ष्मजीव आदि सम्मिलित है और पारिस्थितिक तंत्र के साथ अपना संतुलन बनाते हैं जैव विविधता और संस्कृति एक दूसरे से गहराई से जुड़े हैं आदिकाल से आज तक मनुष्य सांस्कृतिक रूप से जैव विविधता पर निर्भर है।

मुख्य शब्द

जैव विविधता, अनुपम कृति, पारिस्थितिक तंत्र ,सूक्ष्मजीव ,प्रकृति

परिचय

जैव विविधता संस्कृति की आधारशिला है । मनुष्य की अनेक रीति रिवाज परंपराएं जैव विविधता से जुड़ी है, जो आदिकाल से पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है । अनेक ऐसे उदाहरण है जिनके माध्यम से जैव विविधता के संरक्षण और हमारी संस्कृति के बीच संबंध की को जान पाते हैं। भारतीय संस्कृति की बात की जाए तो हमारी संस्कृति ने प्रकृति को सम्मान और संरक्षण दोनों ही प्रदान की है अनेक सांस्कृतिक रीतियां जैव विविधता के समुचित उपयोग और प्रबंधन को बढ़ावा देती है।

जैव विविधता के संरक्षण की आवश्यकता

परिवेश एवं आधुनिक जीवन शैली के कारण जैव विविधता की निरंतर क्षति प्रकृति संरक्षण के लिए एक बड़ी समस्या का विषय है आज मानव अपने सांस्कृतिक मूल्यों एवं नैतिक दायित्वों से परे रहकर प्रकृति और जैव संसाधनों का नियमित और अनियंत्रित दोहन कर रहा है फल स्वरुप प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ हमारी

जैव विविधता का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है अनेक जंतु एवं वनस्पतियों की प्रजातियां विलुक्ति की कगार पर है। मनुष्य के भौतिक भोग विलास भरे जीवन और बढ़ती हुई जनसंख्या से प्रदूषण जैसी भयावह समस्या भी उत्पन्न हुई है। जो जैव विविधता के लिए बड़ी चुनौती है।

जैव विविधता संरक्षण के संदर्भ में सांस्कृतिक मूल्य

जैव विविधता के संरक्षण में सांस्कृतिक मूल्यों की बड़ी भूमिका होती है मनुष्य अपनी सांस्कृतिक प्रथाओं, मान्यताओं, रीति- रिवाज और पारंपरिक ज्ञान आदि के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों एवं जैविक जैव विविधता के संरक्षण में अपनी भूमिका का निर्वाह करता है।

शुभ दीपावली

1. **सौंदर्य परक मूल्य**

जैव विविधता प्रकृति और संस्कृति एक दूसरे से गहराई से जुड़े हैं सौंदर्यता की बात की जावे तो आज भी प्राकृतिक, मनोरम दृश्यों को देखना ,विचरण करना, चित्रण करना हमारी संस्कृति का एक हिस्सा है जिसमें मनुष्य को आत्म अनुभूति और प्रसन्नता मिलती है। यही कारण है कि मनुष्य ने सहेजने का प्रयास करता है।

2 पारंपरिक ज्ञान अर्जन

जैव विविधता के अध्ययन से हमें पारंपरिक ज्ञान की प्राप्ति होती है क्योंकि आदिमानव जो प्रकृति के सानिध्य में ही रहता है था, या ऋषि परंपरा की बात की जाए तो उनका अपना प्रकृति प्रेम था ,और वर्तमान में मानव जीवन की कल्पना प्रकृति और जैव विविधता के सानिध्य के बिना संभव नहीं है । यह सब हमें परंपरागत ज्ञान का अर्जन कराते हैं।

3 आध्यात्मिक मूल्य

पारंपरिक त्योहार समारोह सगुणों और धार्मिक गतिविधियों में अक्सर ऐसी प्रथाएं सम्मिलित है जो जैव विविधता और प्रकृति के प्रति सजाकता और सम्मान को आधार प्रदान करते हैं और संरक्षण की नीति नियम में सहायक है

4 वनस्पतियों की पूजा

जैव विविधता का आध्यात्मिक संबंध आदिकाल से ही धार्मिक आस्था और विश्वास पादप जैव औविविधता से सीधे तौर पर जुड़े हैं आदिकाल की बात हो या वैदिक काल की हमारे आध्यात्मिक मूल्य और आस्था वनस्पतियों से सीधी जुड़ी हुई है हम तुलसी ,आंवला, पीपल ,शमी बरगद और बेलपत्र की पूजा परंपरागत रूप से प्राचीन काल से ही करते आ रहे हैं आम और केले की बंधनवार महत्वपूर्ण शगुनों पर हम करते हैं। विभिन्न प्रकार के पुष्पों को भगवान को अर्पित करते हैं यह सभी हमारी पादप जैव विविधता के संरक्षण में हमारे सांस्कृतिक मूल्य को प्रदर्शित करते हैं। इसी संदर्भ में पवित्र उपवन और वनों का विकास किया गया है।

5 पशुधन की पूजा

भारत में अनेक त्योहार और विशेष अवसरों पर पशुधन की पूजा की जाती है जैसे दीपावली जैसे महापर्व पर गौ माता की पूजा ,गोवर्धन पूजा पर बेल और भैंस की पूजा हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदर्शित करते

हैं। और पशु धन और जैव विविधता को संरक्षण का संदेश देते हैं। इस पर्व पर इन पशुओं को नहलाया जाता है ,मेहंदी और विभिन्न प्रकार की मालाओं से सुसज्जित किया जाता है और उनकी पूजा की जाती है।

6 मनोरंजक मूल्य

जैव विविधता के सांस्कृतिक मूल्यों में से एक है मनोरंजक मूल्य। प्राचीन काल से ही जैव विविधता का विशेष मनोरंजक मूल्य है, वर्तमान समय में फोटोग्राफी ,चित्रण ,फिल्मांकन आदि माध्यमों से जैव विविधता का मनोरंजक मूल्य परिलक्षित होता है।

पादप विविधता और नक्षत्र

पादप विविधता का प्रभाव केवल औषधि और अन्य उत्पादों के लिए ही नहीं है बल्कि अनेक पादप आभामंडल में गृह और नक्षत्र से जुड़ी ऊर्जा का लाभ पहुंचते हैं इसी उद्देश्य से नवग्रह वाटिका ,नक्षत्र वाटिका आदि का निर्माण किया जाता है । जिनमें महत्वपूर्ण पौधों को संरक्षित भी किया जाता है जो विशेष महत्व के होते हैं। अनेक साहित्य और लिखो में यह पाया गया कि प्रत्येक नक्षत्र के लिए एक विशेष पौधा होता है। जो इस प्रकार है।

क्रमांक नं.	नक्षत्र	Botanical name	स्थानीय नाम
1.	अश्विनी	Strychnos nux vomica	कुचला
2.	भरनी	Phyllanthus emblica L.	आंवला
3.	कृतिका	Ficus racemosa	गुलर
4.	रोहिणी	Syzygium cumini	जामुन
5.	मृग-शिरा	Acacia catechu	खैर
6.	आद्रा	Dalbergia sissoo	शीशम
7.	पुनर्वसु	Dendrocalamus strictus	बांस
8.	पुष्य	Focus religiousa	पीपल
9.	आश्लेषा	Mesua ferrea	नागकेसर
10.	माघ	Ficus benghalensis	बरगद

11.	पूर्वाफाल्गुनी	Butea monosperma	पलाश
12.	उत्तर-फाल्गुनी	Ficus benjamina	पाकर
13.	हस्त	Prunus angustifolia	रीठा
14.	चित्रा	Crataeva nurvala varuna	बेल
15.	स्वाति	Terminalia arjuna	अर्जुन
16.	विशाखा	Flacourtia Ramontchi	कंटारी
17.	अनुराधा	Mimusops elengi L.	मोलश्री
18.	ज्येष्ठा	Pinus roxburghii	चीड़
19.	मुला	Shorea robusta Lamk.	साल
20.	पूर्वाषाढा	Salix tetrasperma Roxb	वंजुल
21.	उत्तराषाढा	Artocarpus heterophyllus k	कटहल
22.	श्रवण	Calotropis gigantea	मदार
23.	घनिष्ठा	Prosopis cineraria	शमी
24.	शतभिषा	Anthocephalus cadamba	कदंब
25.	पूर्वभाद्रपद	Mangifera indica L.	आम
26.	उत्तरभाद्रपद	Azadirachta indica	नीम
27.	रेवती	Madhuca indica	महुआ

नवग्रह वनस्पति

वनस्पतियों में अनेक वनस्पति ऐसी होती है जो जिनके प्रभाव में ग्रहों के कुप्रभाव से शांति मिलती है कुछ महत्वपूर्ण नवग्रह वनस्पतियां निम्नानुसार है :-

क्रमांक नं.	ग्रह	स्थानीय हिन्दी नाम	वैज्ञानिक नाम
1.	सूर्य	आक	कैलोट्रॉपिस प्रॉसेरा
2.	चंद्र	ढाक	ब्यूटिया मोनोस्पर्मा
3.	मंगल	खैर	अकेसिया कटेचू
4.	बुध	चिरचिटा	एकीरैन्थीज एस्पेरा
5.	बृहस्पति	पीपल	फाइकस रिलीजियोसा
6.	शुक्र	गूलर	फाइकस ग्लोमेरेटा
7.	शनि	छयोकर	प्रोसोपिस सिनरेरिया
8.	राहु	दूब	सायनोडान डक्टाइलोन
9.	केतु	कुश	डेस्मोस्टेकिया बाइपिन्नेटा

निष्कर्ष

भारतीय जनमानस प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान का भाव रखता है जैव विविधता भी हमारा एक प्राकृतिक संसाधन है ।प्रकृति प्रेम के साथ-साथ जैव विविधता प्रेम उसके संरक्षण और प्रबंधन का ही एक भाग है और हमें हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना परम धर्म है प्रत्येक जीव आत्मा दिव्य आत्मा है इस भाव से हम जैव विविधता का संरक्षण करेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. के .एस .गुरुपंच (2014) छत्तीसगढ़ में जैव विविधता एवं संरक्षण
2. डॉ. अर्चना भदौरिया(2021) जैव विविधता एवं संरक्षण (भारत के संदर्भ में)
3. डी.के.शाही (2019)संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण में सांस्कृतिक भूदृश्यों की उपादेयता : एक मूल्यांकन
4. Tripathi ranjan kumar (2019),herbs and plants in vedic litreture : A modern perspectives
5. Brahmacari Srivas Krishna Das (2024) Jagannath Foundation Mysteries of Photosynthesis in Vedic Scriptures: A Journey through Ancient Wisdom
6. Boddupalli R S & Ramasastry V V, Sacrificially important trees revealed in the Kṛṣṇa Yajurvēda Saṃhitā – Their description and uses, Indian J Hist Sci, 50 (4) (2015) 549-564.

फसलों और खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव

प्रवीण शर्मा
शोधार्थी
ज्योति विद्यापीठ विमेंस यूनिवर्सिटी, जयपुर

सारांश (Abstract)

जलवायु परिवर्तन आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभरा है। बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ तथा चरम मौसमी घटनाओं का सीधा असर कृषि प्रणाली पर पड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप फसल उत्पादन, गुणवत्ता और उपलब्धता में कमी आ रही है, जिससे खाद्य सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। यह शोध पत्र जलवायु परिवर्तन के कारणों, फसलों पर उसके प्रभाव, खाद्य सुरक्षा की स्थिति तथा संभावित समाधान के उपायों पर केंद्रित है जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, वर्षा के पैटर्न में बदलाव, सूखा, बाढ़ और चरम मौसमी घटनाएँ बढ़ रही हैं। इनका सीधा असर कृषि पर पड़ रहा है, जिससे फसल उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में कमी आ रही है। परिणामस्वरूप खाद्य उपलब्धता घट रही है और खाद्य सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह समस्या और भी गंभीर है। इस शोध में जलवायु परिवर्तन के कारणों, फसलों पर उसके प्रभाव, खाद्य सुरक्षा की स्थिति और संभावित समाधानों पर प्रकाश डाला गया है, ताकि टिकाऊ कृषि पद्धतियों के माध्यम से भविष्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

1. परिचय (Introduction)

कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाती है, क्योंकि लगभग 60% जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से कृषि क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है।

तापमान में वृद्धि, वर्षा के पैटर्न में बदलाव और मौसमी अनिश्चितताओं से कृषि उत्पादकता घट रही है। परिणामस्वरूप खाद्य उत्पादन पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ रही है।

2. जलवायु परिवर्तन के कारण (Causes of Climate Change)

ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धिः औद्योगिकीकरण और जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग से वातावरण में CO_2, CH, और जैसी गैसों की मात्रा बढ़ी है

वनों की कटाई: वृक्षों की कटाई से कार्बन अवशोषण क्षमता घटती है।

अनियंत्रित औद्योगिक उत्सर्जनः उद्योगों से निकले धुएं और गैसों ने ग्रीनहाउस प्रभाव को बढ़ाया।
अत्यधिक कृषि रसायनों का प्रयोगः उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसों का उत्सर्जन होता है।

3. फसलों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव (Impact on Crops)

उत्पादन में कमीः

उच्च तापमान से गेहूं, धान और मक्का जैसी प्रमुख फसलों की पैदावार में कमी आती है। सूखे या अधिक वर्षा से फसलें नष्ट हो जाती हैं।

फसल की गुणवत्ता पर असरः

तापमान और नमी में बदलाव से फसल की पोषण गुणवत्ता घटती है। रोग और कीटों का प्रकोप बढ़ता है।

फसलों के भौगोलिक वितरण में परिवर्तनः

कुछ फसलें अब पारंपरिक क्षेत्रों में उगाना कठिन हो गया है।

ठंडे क्षेत्रों में भी कुछ उष्णकटिबंधीय फसलें पनपने लगी हैं।

बुआई और कटाई के समय में बदलाव:

मानसून के विलंब या अत्यधिक वर्षा के कारण पारंपरिक कृषि चक्र प्रभावित होता है।

4. खाद्य सुरक्षा पर प्रभाव (Impact on Food Security)

उपलब्धता में कमी:

उत्पादन घटने से अनाज, सब्ज़ियों और दालों की उपलब्धता कम होती है।

पहुंच में असमानताः

कृषि उत्पादों के दाम बढ़ने से गरीब और निम्न आय वर्ग को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता।

खाद्य गुणवत्ता में गिरावटः

पौष्टिक तत्वों में कमी से कुपोषण की समस्या बढ़ती है।

5. भारत में स्थिति (Situation in India)

भारतीय कृषि मुख्य रूप से मानसून पर निर्भर है।

हाल के वष में मानसून की अनिश्चितता, सूखा और बाढ़ ने फसल उत्पादन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

गेहूं, धान, दालें, तिलहन जैसी फसलों की पैदावार में गिरावट दर्ज की गई है।

जलवायु परिवर्तन के कारण पशुपालन और मत्स्यपालन पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है।

6. समाधान और नीतिगत सुझाव (Solutions and Policy Recommendations)

जलवायु-स्मार्ट कृषि तकनीकः सूखा प्रतिरोधी और अधिक उत्पादन देने वाली फसल किस्मों का विकास।

माइक्रो-इरिगेशन (ड्रिप एवं स्प्रिंकलर) तकनीक का प्रयोग।

